हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 19 जून 2026

तापमान
अधिकतम 41.3 डिग्री से.
न्यूनतम 23.5 डिग्री से.

11 गुरु अर्जन देव का बलिदान मानवता रक्षा का सर्वोच्च उदाहरण



12 भूपेंद्र हुड्डा ने नए खंड अध्यक्षों को दी शुभकामनाए



## चोरी के शक में पकड़े गए दो युवकों को बांधकर पीटा, वीडियो वायरल

■ गढ़ी गांव में कानून हाथ में लेने का मामला ■ खेत में बंधक बनाकर धूप में बैठाया

कुछ ग्रामीणों ने दोनों युवकों के हाथ और पैरों के बीच डंडा फंसाकर उन्हें रस्सी से बुरी तरह बांध दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

मेहंदीपुर पंचायत के अंतर्गत गढ़ी गांव में चोरी के संदेह में पकड़े गए दो युवकों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ ग्रामीणों ने दोनों युवकों को बंधक बनाकर उनके हाथ-पैर बांध दिए और कड़ी धूप में बैठाकर पिटाई की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, गढ़ी गांव के खेतों में कथित तौर पर चोरी की वारदात को अंजाम देने के संदेह में दो युवकों को काबू किया गया था। आरोप है कि वहां मौजूद किसानों ने पुलिस को इस बात की सूचना देने के बजाय खुद ही सजा देना शुरू कर दिया। दोनों युवकों के हाथ और पैरों के बीच डंडा फंसाकर उन्हें रस्सी से बुरी तरह बांध दिया गया और खेत में ले जाकर तेज धूप में जमीन पर बैठा दिया गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में कुछ लोग दोनों युवकों से उनका नाम, गांव, पिता और दादा का नाम पूछते हुए दिखाई दे रहे हैं और साथ ही उनकी पिटाई भी कर रहे हैं। वीडियो में एक युवक हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए कह रहा है कि वह कहीं नहीं जाएगा, बस उसके हाथ खोल दिए जाएं। ग्रामीणों ने दोनों से भविष्य में चोरी न करने का वादा लिया और काफी देर तक पूछताछ व फटकार लगाने के बाद उन्हें छोड़ दिया। मेहंदीपुर के सरपंच रमेश ने बताया कि यह घटना गढ़ी गांव की है। यमुना किनारे स्थित गांवों के खेतों में पिछले लंबे समय से चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं। चोर अक्सर किसानों के ट्यूबवेल की मोटर, बिजली के तार और अन्य कृषि उपकरण चुरा ले जाते हैं, जिससे किसान बेहद परेशान हैं। लंबे समय बाद चोरी के संदेह में ये दो युवक ग्रामीणों के हाथ लगे थे।


सोनीपत। दोनों कथित आरोपी।

### किसी पक्ष ने लिखित शिकायत नहीं दी

मुरथल थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि इस पूरे मामले में अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। यदि इस संबंध में कोई भी शिकायत प्राप्त होती है, तो पुलिस मामले की गहनता से जांच करेगी और नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## महिला की चेन लूटकर भाग रहे बदमाशों को लोगों ने खंभे से बांधा

**सोनीपत।** औद्योगिक क्षेत्र में मंदिर से पूजा कर घर लौट रही एक महिला से चेन लूटकर भाग रहे दो युवकों को स्थानीय लोगों ने पीछा कर पकड़ लिया। लोगों ने दोनों आरोपियों को बिजली के खंभे से बांध दिया और सूचना मिलने पर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार सुबह एक महिला औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल के पास से गुजर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार दो युवक उसके पास पहुंचे और आंखों में मिर्च पाउडर फेंककर चेन लूटने का प्रयास किया। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से भागने लगे। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपियों का पीछा किया। बताया गया है कि एक आरोपी ने लोगों को डराने के लिए चाकू भी निकाल लिया, लेकिन बाइक स्टार्ट नहीं होने के कारण दोनों भाग नहीं सके। लोगों ने उन्हें काबू कर बिजली के खंभे से बांध दिया। सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। आरोपियों की पहचान गांव खांडा निवासी अनिल उर्फ लीला और गांव सेहरी निवासी आशीष उर्फ आशु के रूप में हुई है। महिला की ओर से शिकायत नहीं मिलने पर पुलिस ने हवलदार जोगेंद्र के बयान पर मामला दर्ज किया। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच में सामने आया है कि अनिल के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और लूट सहित आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि आशीष भी हत्या के एक मामले में आरोपी है। दोनों फिलहाल जमानत पर बाहर थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### बड़ौता के पास युवक का शव मिलने से सनसनी

**गोहाना।** गोहाना-सोनीपत मार्ग पर गांव बड़ौता के पास एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिकायत में गांव कटवाल निवासी सुदेश देवी ने बताया कि उनका बेटा विकास गोहाना के एक पेट्रोल पंप पर कार्यरत था। वह ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर लौट रहा था, लेकिन घर नहीं पहुंचा। गुरुवार शाम उसका शव गांव बड़ौता के पास सड़क किनारे मिला। प्रारंभिक जांच में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत होने की आशंका जताई गई है।

### बाइक सवार युवक का अपहरण कर मारपीट

**खरखौदा।** सैदपुर चौकी क्षेत्र में एक युवक के अपहरण, मारपीट, लूटपाट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। बहादुरगढ़ के अशोक नगर निवासी दीपक ने पुलिस को बताया कि 16 जून की रात वह बाइक पर अपनी मौसी के घर जा रहा था। रास्ते में एक स्कॉर्पियो सवार 5-6 युवकों ने उसकी बाइक रोक ली। आरोप है कि युवकों ने पिस्तौल के बल पर उसे जबरन गाड़ी में बैठाया और गांव गोपालपुर के खेतों में ले जाकर डंडों व बेसबॉल बैट से मारपीट की। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उसका मोबाइल फोन और करीब 53 हजार रुपये भी छीन लिए।

### एसी व कॉपर कॉइल चोरी करने के आरोपी पकड़े

**सोनीपत।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने मॉडल टाउन स्थित एक दुकान से एसी, कॉपर कॉइल और बिजली की तार चोरी करने के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रोहित उर्फ रोमियो निवासी मुरथल, नवीन उर्फ लच्छा निवासी नाथूपुर और विकास उर्फ बन्देपुरिया निवासी बन्देपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गांव बढ़वासनी निवासी सुनील ने शिकायत दी थी कि वह मॉडल टाउन में एसी रिपेयरिंग की दुकान चलाता है। किसी ने उसकी दुकान से एसी व सामान चोरी कर लिया है।

## रेल हाई राइजर सोसायटी में कर्मचारियों की हड़ताल से सेवाएं ठप, पानी के लिए तरसे लोग

■ वेतन विसंगति को लेकर कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार, लिफ्टें भी बंद रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

रेल हाई राइजर सोसायटी में कर्मचारियों की हड़ताल के चलते आवश्यक सेवाएं प्रभावित हो गईं। वेतन विसंगति और समय पर भुगतान न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने कामकाज ठप कर मुख्य गेट के बाहर धरना शुरू कर दिया। इसका सीधा असर पानी आपूर्ति, सफाई और अन्य व्यवस्थाओं पर पड़ा, जिससे निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें सरकारी नियमों के अनुसार न्यूनतम 18 हजार रुपये मासिक वेतन मिलना चाहिए, जबकि सुरक्षा गार्डों को 12 हजार, सफाई कर्मचारियों को 10 हजार तथा तकनीकी कर्मचारियों को 14 हजार रुपये ही दिए जा रहे हैं।

### बोले, देरी से मिलता है वेतन

इतना ही नहीं, वेतन का भुगतान भी अक्सर एक से दो महीने की देरी से किया जाता है। हड़ताल के कारण पानी की मोटर नहीं चल सकी, जिससे भीषण गर्मी में पूरी सोसायटी में पानी का संकट खड़ा हो गया। परेशान निवासियों ने पुलिस को भी सूचना दी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकलने पर लोगों ने स्वयं मोटर चलाकर पानी की व्यवस्था बहाल की।



### खुद चलानी पड़ी मोटर

निवासी अनु राणा ने कहा कि भीषण गर्मी में पानी के बिना रहना बेहद मुश्किल हो गया है। वहीं महेश दहिया ने बताया कि पानी की एक-एक बूंद के लिए लोगों को जूझना पड़ा और अंततः निवासियों ने खुद ही मोटर चलाकर समस्या का समाधान किया।



### आरडब्ल्यूए पर जड़े आरोप

सोसायटी के लोगों ने आरडब्ल्यूए पर भी उदासीनता का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। निवासियों ने प्रशासन और आरडब्ल्यूए से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है

निवासियों का कहना है कि सोसायटी की लिफ्टें अक्सर खराब रहती हैं, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार बच्चे लिफ्ट में फंस चुके हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा बेसमेंट में जमा गंदगी भी बीमारी फैलने का कारण बन रही है।

### सोसायटी का सीसीटीवी सिस्टम खराब, सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा



रेल हाई राइजर सोसायटी में सुरक्षा व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। सोसायटी में लगाए गए कई सीसीटीवी कैमरे लंबे समय से खराब पड़े हैं, जिससे यहां रहने वाले लोगों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। निवासियों का कहना है कि कैमरे बंद होने के कारण सोसायटी में आने-जाने वाले लोगों पर नजर नहीं रखी जा रही है और किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में सबूत जुटाने में परेशानी हो सकती है।

## एनएच-44 पर कार के टायर में खराबी बताकर मां-बेटे से बैग और नकदी छीनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत




■ दिल्ली से अंबाला लौट रहे थे मां और बेटा

■ हवाई अड्डा होटल के पास वारदात, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर मुरथल के पास बाइक सवार दो शातिर बदमाशों ने कार के टायर खराबी बताकर मां-बेटे से ठगी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश महिला का बैग छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबाला के बलदेव नगर निवासी मुकुल ने मुरथल थाना में दी शिकायत में बताया कि वह इंडिया पोस्ट बैंक में कार्यरत है। बुधवार को वह अपनी मां के साथ दिल्ली से अंबाला लौट रहा था।

जब उनकी कार मुरथल क्षेत्र में हवाई अड्डा होटल के पास पहुंची तो बाइक सवार दो युवकों ने उनकी कार के पास आकर टायर खराब होने की बात कही। टायर में खराबी की आशंका पर मुकुल ने कार सड़क किनारे रोक दी और नीचे उतरकर जांच करने लगा। इसी दौरान कार का गेट खुला देखकर बदमाशों ने उसकी मां को धक्का दिया और गाड़ी में रखा बैग छीन लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार बैग में मोबाइल फोन, करीब चार हजार रुपये की नकदी और अन्य जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपितों की तलाश में जुटी है।

## राई खेलकूद स्कूल के उप अधीक्षक के पैतृक घर में लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ परिवार के सरकारी आवास में रहने का फायदा उठाकर चोरों ने बोला धावा, जेवरात और नकदी लेकर फरार

मोतीलाल नेहरू खेलकूद स्कूल, राई के कार्यालय उप अधीक्षक के पैतृक घर में चोरी का मामला सामने आया है। चोर बंद मकान के ताले तोड़कर करीब सात लाख रुपये के जेवरात और 65 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। राई थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव राई निवासी सचिन कौशिक ने पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में खेलकूद स्कूल परिसर स्थित सरकारी आवास में रह रहे हैं।

### घर का सामान बिखरा मिला

उनके माता-पिता भी 15 जून को गांव स्थित पैतृक घर को ताला लगाकर उनके पास आ गए थे। 17 जून को परिजनों को घर में चोरी की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर कमरों के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था। जांच में पता चला कि चोर दो सोने की चेन, तीन सोने की अंगूठियां, चांदी की पाजेब, सात चांदी के सिक्के और 65 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए।

पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। सभी पहलुओं से जांच चल रही है।

## शॉर्ट सर्किट से पूजा सामग्री की दुकान में आग लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ बड़े बाजार में मची अफरा-तफरी, दमकल कर्मियों ने समय रहते पाया काबू, आसपास की दुकानें बचीं

■ आग से दुकान में रखी पूजा सामग्री, फर्नीचर और अन्य सामान पूरी तरह जल गया

शहर के बड़े बाजार स्थित एक पूजा सामग्री की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, बड़े बाजार में स्थित बॉबी जैन की पूजा सामग्री की दुकान में बुधवार को अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान से धुएं के गुबार उठने लगे। आसपास के दुकानदारों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया, जिससे आसपास की अन्य दुकानों को नुकसान होने से बचा लिया गया। हालांकि दुकान में रखी पूजा सामग्री, फर्नीचर और अन्य सामान पूरी तरह जल गया। घटना के बाद महापौर राजीव जैन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित दुकानदार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया


सोनीपत। आग लगने की सूचना पहुंचे शहर मेयर और शहर के व्यापारी।

## योग दिवस रिहर्सल के लिए आज प्रशासनिक ड्यूटी पर रहेंगी 19 बसें

**विद्यार्थियों को लाने-ले जाने में लगेंगी बसें, दोपहर तक कुछ रूटों पर यात्रियों को हो सकती है परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जिलास्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के तहत शुक्रवार को रिहर्सल आयोजित की जाएगी।

रिहर्सल में स्कूली विद्यार्थियों की भागीदारी को देखते हुए सोनीपत रोडवेज की 19 बसों को प्रशासनिक ड्यूटी में लगाया गया है। इसके चलते सुबह से दोपहर तक कुछ रूटों पर बस सेवाएं प्रभावित रह सकती हैं और यात्रियों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। गोहाना रोड स्थित पुलिस लाइन में आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। रिहर्सल में शामिल विद्यार्थियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने और वापस स्कूलों तक छोड़ने की जिम्मेदारी रोडवेज विभाग को सौंपी गई है। इसके लिए 19 बसों को तैनात किया गया है, जिनका संचालन सुबह से शुरू होगा। सोनीपत डिपो से वर्तमान में 150 से अधिक बसों का संचालन विभिन्न रूटों पर किया जा रहा है। इनमें लोकल रूटों पर चलने वाली कई बसों को प्रशासनिक ड्यूटी में लगाए जाने से गोहाना, खानपुर कलां, फरमाणा और अन्य स्थानीय रूटों पर बसों की उपलब्धता कुछ समय के लिए कम रहेगी। रोडवेज अधिकारियों के अनुसार रिहर्सल समाप्त होने के बाद सभी बसें दोपहर तक वापस डिपो लौट आएंगी और अपने निर्धारित रूटों पर सामान्य रूप से संचालित होंगी। विभाग का दावा है कि यात्रियों को न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।


सोनीपत। बस अड्डे में खड़ी रोडवेज बसें।

## कहासुनी में किशोर पर सुए से हमला, पीजीआई रेफर

■ पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की

**गन्नौर।** गांव टेहा में एक किशोर पर बर्फ तोड़ने वाले नुकीले सूए से हमला करने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल किशोर का उपचार पीजीआई रोहतक में चल रहा है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। एचएसआईआईडीसी बड़ी थाना पुलिस ने नाबालिग आरोपित के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में 17 वर्षीय किशोर ने बताया कि तीन जून को उसकी बहन की सहेली उनके घर आई हुई थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले एक किशोर के साथ कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि उसी शाम वह अपने दोस्त तरुण के साथ घर के पीछे घूम रहा था। तभी आरोपित वहां पहुंचा, गाली-गलौज की और नुकीले सूए से उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। घायल किशोर को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गन्नौर ले जाया गया, जहां से उसे बीपीएस मेडिकल कॉलेज खानपुर रेफर कर दिया गया। बाद में हालत बिगड़ने पर उसे पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया, जहां वह वेंटिलेटर पर उपचाराधीन है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अवैध खैर की लकड़ी से भरा कैंटर पकड़ा, दो गिरफ्तार

■ धर्मकांटे पर तौल में 19 हजार किलो वजन मिला, मामला दर्ज

**गन्नौर।** सीआईए-1 सोनीपत और वन विभाग की संयुक्त टीम ने गांव चिरसमी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से खैर की लकड़ी से भरा एक कैंटर पकड़ लिया। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहन और लकड़ी को कब्जे में ले लिया गया है।

वन रेंज अधिकारी नरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सूचना मिली थी कि गुरुकुल पब्लिक स्कूल के पास एक कैंटर में अवैध रूप से खैर की लकड़ी ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर वन विभाग और सीआईए-1 की टीम ने संयुक्त छापेमारी की और कैंटर को रोक लिया। जांच के दौरान चालक तसलीम निवासी सीलनो (नूंह) और उसके सहयोगी शकील से लकड़ी से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई बिल, रवाना चालान या अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद वाहन की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में खैर की लकड़ी बरामद हुई। पुलिस और वन विभाग ने कैंटर को धर्मकांटे पर तौलवाया, जहां लकड़ी सहित वाहन का कुल वजन करीब 19 हजार किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



बच्चो, अगर तुम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हो तो तुम्हें नित्य योग करना होगा। इससे ना सिर्फ तुम्हारा दिमाग तेज होगा, मन भी शांत और प्रसन्न रहेगा। योग के और क्या-क्या फायदे हैं, जानो।

# नियमित करोगे योग हमेशा रहोगे निरोग

प्रेरणा
डॉ. मोनिका शर्मा

प्यारे बच्चो, हम सब फिट रहना चाहते हैं। बीमारियों के चंगुल से दूर रहना चाहते हैं। मतलब शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हैं। यह नियमित योग करने से ही संभव है। बच्चो, एक बात और, योग एक संपूर्ण जीवनशैली है। इसमें व्यायाम के साथ ही अच्छी फूड हैबिट्स और सही दिनचर्या भी जरूरी है। ऐसा करने से ही योग करने के अनेक लाभ तुमको मिल पाएंगे।



### फिट और एक्टिव रहोगे

बच्चो, नियमित योग करने से शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने में बहुत मदद मिलती है। योग अभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बना लो तो तुम्हारे शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी के साथ ही इम्यूनिटी भी बढ़ेगी। योग से शरीर की मसल्स मजबूत बनती हैं। इसीलिए अपना मनपसंद खेल खेलते हुए तुम्हें थकान नहीं होगी। शारीरिक ताकत लगने वाली एक्टिविटीज करने में और आनंद आएगा। भारी बस्ता उठाने वाले कंधों में बल मिलेगा। योग अभ्यास करने से बॉडी का पोश्चर भी सही रहता है। स्कूल, ट्यूशन और घर में लंबे समय तक बैठकर पढ़ने या लैपटॉप पर काम करने से पोश्चर बिगड़ जाता है। खराब मुद्रा में बैठने, खड़े होने या लेटने से गर्दन, कंधे और बैक में पेन होने लगता है। ऐसे में रोजाना आधे घंटे भी योग को अपने रूटीन का हिस्सा बना लिया जाए तो बॉडी पोश्चर सही रखा जा सकता है।

### मन रहता है शांत

योग करने से मन भी बहुत शांत रहता है। मस्तिष्क में एक संयत सक्रियता बनी रहती है, जिससे एग्जाम का स्ट्रेस, होमवर्क की टेंशन और किसी प्रतियोगिता में पीछे रह जाने का डर भी नहीं घेरता। योगासनों का अभ्यास तुम्हें पूरी एकाग्रता से अपना काम करने का मानसिक बल देता है।

### बढ़ती है मेंटल स्ट्रेंथ

बच्चो, स्कूल की गतिविधियां हों या नियमित पढ़ाई। ट्यूशन के प्रोजेक्ट्स हों या क्लासरूम में मिला होमवर्क। ये सब कुछ करने के लिए मेंटल स्ट्रेंथ बहुत जरूरी है। तुम इस बात को खुद समझते हो कि बिना थके, बिना रुके, अपने रुटीन को फॉलो करना बहुत जरूरी है। मन की शक्ति से ही ऐसे हर फ्रंट पर अच्छे से परफॉर्म किया जा सकता है। योग करने से हमें यह सब करने का मानसिक बल भी मिलता है। योग से ही जुड़े प्राणायाम और मेडिटेशन के अभ्यास मन को शांत-सहज रखते हैं। किसी भी तरह के तनाव से दूर रखते हैं, जिससे अच्छी नींद आती है। चाइल्ड पोज (बालासन) नाम का आरामदायक आसन, हमारी नर्व्स को शांत कर थकान और एंग्जाइटी दूर करने में बहुत उपयोगी होता है। मस्तिष्क की कोशिकाओं को सक्रिय करने वाले योग आसनों से न केवल याददाश्त बढ़ती है, फोकस्ड रहने में भी मदद मिलती है।




### बनते हैं इमोशनली स्ट्रॉन्ग

बच्चो, क्या तुम्हें भी जल्दी गुस्सा आ जाता है? कोई मजाक बनाए तो रो पड़ते हो? थोड़ी देर के लिए भी अकेले रहने में घबराहट होती है? स्विमिंग, साइकिलिंग, स्केटिंग जैसी किसी नई स्किल को सीखने में डर लगता है? अगर ऐसा है तो योग को अपने रुटीन का हिस्सा बनाकर तुम इमोशनली स्ट्रॉन्ग बन सकते हो। बच्चो, इमोशनल बैलेंस से हमें किसी भी एक्टिविटी को करने में डर नहीं लगता। इमोशनली स्ट्रॉन्ग होने से हर काम को रचनात्मक ढंग से सीखने-समझने की अप्रोच आती है।

असल में योग एक सधी हुई टेक्निक-सी है। यह हमें ऊर्जावान, खुशहाल और सकारात्मक सोच का धनी बनाता है। साथ ही गुस्सा, ईर्ष्या, उदासी और डर जैसी नकारात्मक भावनाओं से भी बचाती है। *

## योग अपनाएं!


एआई इमेज

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

जीवन में हो योग योग का,
मिट जाएगा नाम रोग का।
अद्भुत शांति योग से मिलती,
खुशियाली की बगिया खिलती।
घोर तनाव सदा घटता है,
और लचीलापन बढ़ता है।
प्रतिरोधक क्षमता यह देता,
विकृतियों को है हर लेता।
मन-शरीर दोनों को जोड़े,
गलतफहमियां सारी तोड़े।
नियमित जब अभ्यास करेंगे,
तन में ऊर्जा नई भरेंगे।
ठीक देर तक कभी न सोना,
समय योग का तुम मत खोना।
सुंदर अपना स्वास्थ्य बनाएं,
बच्चो, चलो योग अपनाएं।

फीलिंग्स

# लव यू पापा!

हमारे पापा हमें बहुत प्यार करते हैं। वे हर कदम पर हमारा हौसला बढ़ाते हैं, हमें मोटिवेट और इंस्पायर करते हैं। उनके साथ बिताए गए पल स्पेशल-मेमोरेबल हो जाते हैं। फादर्स-डे के अवसर पर टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपने पापा के साथ की स्पेशल मेमोरीज, उनकी सीख **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं। यह भी बता रहे हैं, इस फादर्स-डे पर उनकी क्या खास प्लानिंग्स हैं।

### मेरे लिए पापा से बेहतर कोई नहीं : अथर खान



सोनी सब चैनल पर हाल ही में शुरू हुए पौराणिक धारावाहिक 'हस्तिनापुर के वीर' में अथर खान किशोर युधिष्ठिर की भूमिका निभा रहा है। इस किरदार में वह दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। फादर्स-डे के खास मौके पर अथर अपने पिता से जुड़ी कुछ खूबसूरत यादों के बारे में बताता है, 'वैसे तो मेरे लिए पापा के साथ बिताया हुआ हर पल खास होता है। मेरी सबसे प्यारी यादों में से एक पल वह है, जब मेरी एक बर्थ-डे पर पापा के साथ मैंने जमकर डांस किया था। हमारे रिलेटिव्स और फ्रेंड्स ने हमें चीयर किया था। मेरे लिए मेरे पापा से बेहतर कोई और नहीं हो सकता।' अपने पापा की कही कुछ बातें अथर के लिए लाइफ लेसंस की तरह हैं, ये बातें कौन-सी हैं, वह बताता है, 'पापा ने मुझे दो बहुत जरूरी बातें सिखाई हैं। पहली, अपना काम हमेशा दिल और मेहनत से करो। साथ ही काम में एक ईमानदारी भी हो। पापा की दूसरी सीख यह है कि जिंदगी में सफलता के बाद कभी घमंड नहीं करो। घमंड में आकर इंसान नीचे आना शुरू कर देता है।' फादर्स-डे के लिए अथर का क्या स्पेशल प्लान है, वह बताता है, 'इस दिन मैं पापा के साथ पूरा डे-आउट प्लान करूंगा। उनके साथ घूमूंगा, लंच और डिनर भी करूंगा।' फादर्स-डे के मौके पर अथर का अपने पापा के लिए क्या मैसेज है, वह बताता है, 'पापा, मेरे लिए आप बहुत मेहनत करते हैं। हमेशा मेरा हौसला बढ़ाते हैं। पढ़ाई हो, शूटिंग हो या फिर कुछ और, हर परिस्थिति में मेरा साथ देते हैं। लव यू पापा! हैप्पी फादर्स-डे!' *

### इंस्पायर करती हैं पापा की बातें : हरिति जोशी



सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा के किरदार में हरिति जोशी ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अपने पापा से जुड़ी स्पेशल मेमोरी शेयर करते हुए वह बताती है, 'एक बार मैं अपने पापा और पूरी फैमिली के साथ घूमने गई थी। उस दिन हमने साथ में गेम्स खेले, खूब मस्ती की। बहुत सारी तस्वीरें खिंचवाईं और अपनी पसंदीदा चीजें भी खाईं। हम सबने मिलकर इतना अच्छा टाइम स्पेंड किया कि वह दिन मेरी सबसे खूबसूरत यादों में शामिल हो गया।' हरिति को अपने पापा की कही बातें बहुत इंस्पायर करती हैं, वह बताती है, 'मेरे पापा कहते हैं, अपने काम हमेशा मेहनत और ईमानदारी से करना चाहिए। मेहनत और ईमानदारी से किया गया काम कभी बेकार नहीं जाता।' फादर्स-डे के लिए हरिति ने क्या कुछ स्पेशल प्लान किया है, वह बताती है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैं अपने पापा के लिए हाथ से बनाया हुआ एक सुंदर-सा कार्ड और एक छोटा-सा गिफ्ट दूंगी। मैं उनके साथ पूरा दिन स्पेंड करूंगी ताकि उन्हें महसूस हो कि वे मेरे लिए कितने स्पेशल हैं।' फादर्स-डे पर हरिति का अपने पापा के लिए स्पेशल मैसेज है, 'पापा, आप मेरे सबसे बड़े हीरो हैं। आप हमेशा मेरा साथ देते हैं, मुझे हिम्मत देते हैं। मेरे हर सपनों पर फेथ करते हैं। इससे मुझे आगे बढ़ने की ताकत मिलती है। हैप्पी फादर्स-डे, पापा! आई लव यू!' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## पर्यावरण संरक्षण की सीख देती रोचक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए मजेदार शीर्षक वाली एक नई किताब आई है-'जंगल गाने लगा।' इस किताब में तुम्हारे लिए चार बड़ी रोचक कहानियां हैं। शीर्षक कहानी में हाथियों के आतंक से गांव वाले बहुत परेशान थे। एक दिन गांव वालों ने आपस में मिलकर तय किया कि वे रात में जागकर हाथियों को भगाने के लिए ढोल बजाएंगे और पटाखे छोड़ेंगे। उनकी तरकीब काम आई। हाथियों ने गांव में आना बंद कर दिया। इस तरह गांव वाले खुश थे। उन्हें लगने लगा जैसे कि पूरा जंगल गा रहा है, वे एकजुट होकर नाच रहे हैं। दूसरी कहानी 'हरियाली और खुशहाली' में दो भाइयों मोहन और सोहन ने मिलकर गांव में पहले तालाब खोदा फिर गांव के बुजुर्गों की सलाह और अन्य लोगों की मदद से पूरे गांव की तस्वीर ही बदल दी। अब गांव में हरियाली और खुशहाली दोनों एकसाथ दिखाई देने लगी। तीसरी कहानी 'बरगद की मौत' में बताया गया है कि शुद्ध पर्यावरण के लिए पेड़ों को न केवल लगाना जरूरी है, उनकी देखभाल करना भी जरूरी है ताकि वे बचे रहें। असल में गांव वालों की लापरवाही से हरा-भरा बरगद का पेड़ कटकर गिर गया था। इस घटना से गांव के बच्चों का मन बहुत आहत हुआ। उन्होंने मिलकर संकल्प लिया कि वे गांव में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर उसे हरा-भरा बनाएंगे। अंतिम कहानी 'पेड़ों से श्रृंगार' भी पर्यावरण संरक्षण पर आधारित है। कहानी कहती है कि अगर धरती पर पेड़ रहेंगे, तो न केवल हम स्वस्थ- सुरक्षित रहेंगे, हमारी अगली पीढ़ी को भी इसका लाभ मिलेगा। जानवरों पर केंद्रित मुखपृष्ठ तो इतना आकर्षक है कि किताब देखते ही इसे उठाकर पढ़ने का मन करता है। *




**किताब:** जंगल गाने लगा (बालकथा संग्रह), **लेखक:** अंकुश्री
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज



## जीके क्विज-210

1. देश के अगले आर्मी चीफ कौन होंगे?
2. 23वें फीफा वर्ल्ड कप 2026 का उद्घाटन कहां किया गया?
3. हाल में पीएम नरेंद्र मोदी को किस देश ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया?
4. भारतीय सेना में सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कौन-सा है?
5. इसरो का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. ताजमहल का निर्माण किस मुगल शासक ने करवाया था?
7. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
8. विद्युत धारा का एसआई मात्रक क्या है?
9. भारत का पहला सुपर कंप्यूटर कौन-सा था?
10. हॉकी में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?



बच्चो, जीके क्विज-210 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-209 का उत्तर :** 1.आर. प्रज्ञानंदा, 2.डी.के. शिवकुमार, 3.ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया, 4.योगासन, 5.अश्विनी वैष्णव, 6.हाइड्रोजन, 7.कर्जन, 8.टोकोफेरॉल, 9.ग्यानिमिड, 10.21 जून


**जीके क्विज-209 का सही उत्तर देने वाले :** डिंपल-गरियाबंद, कबीर-हिसार, साहिल-ईमेल से, हरि कृष्ण-लुधियाना, कमल-रायपुर, सुदीप-बिलासपुर, प्रिया-बलौदा बाजार, सुमंत-महासमुंद, जिया-दुर्ग, किशन-रोहतक, संचिता-भोपाल



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

जरा-सी तबीयत बिगड़ी नहीं कि वैभव स्कूल जाना बंद कर देता। वह छोटी-छोटी तकलीफों को बहुत बड़ी तकलीफ मान लेता था। लेकिन एक दिन जब उसने देखा, पापा के हाथ में फ्रैक्चर होने पर भी उन्होंने अपने काम बंद नहीं किए, बोले, 'शो मस्ट गो ऑन!' वैभव को यह बात कितनी समझ में आई, क्या उसमें कोई बदलाव आया?

# पापा ने कहा शो मस्ट गो ऑन!


एआई इमेज

वैभव पिछले दो दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था, क्योंकि उसके दांत में दर्द था। हालांकि दर्द हल्का ही था, बहुत तेज नहीं था, लेकिन जब मम्मी ने दांत पर लौंग का तेल लगा दिया तो दर्द और कम हो गया था, लेकिन वैभव की आदत थी कि वह ऐसी छोटी-मोटी तकलीफों को भी बहुत बड़ी समस्या मान लेता था। अब दांत के इसी दर्द के कारण वह न सिर्फ स्कूल से छुट्टी पर था, बल्कि शाम को दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने भी नहीं जा रहा था।

वैभव को कभी हल्का-सा बुखार हो जाता या छोटी-मोटी चोट लग जाती या फिर हल्का-सा पेटदर्द हो जाता, वह स्कूल जाना और दोस्तों के साथ खेलना बंद कर देता था। सारा दिन बीमारों की तरह बिस्तर पर ही पड़ा रहता था। मम्मी-पापा उसे बहुत समझाते कि इस तरह की छोटी-मोटी तकलीफों को इतना बड़ा समझना ठीक नहीं है, मगर उनकी इन बातों का उस पर कोई असर नहीं होता था।

शाम को वैभव बिस्तर पर लेटकर टीवी देख रहा था, तभी पापा अपनी दुकान बंद करके घर वापस आए। उसके पापा संगमरमर की मूर्तियों का व्यापार करते थे। वैभव ने देखा कि उनकी दाईं कलाई पर प्लास्टर लगा हुआ है। मम्मी के पूछने पर पापा ने बताया, 'दोपहर को दुकान के शेल्फ में रखते वक्त एक बड़ी मूर्ति मेरी दाईं बांह पर गिर गई थी। खून तो नहीं निकला, लेकिन चोट के कारण कलाई में बहुत तेज दर्द होने लगा, मुझे डॉक्टर के पास जाना पड़ा। डॉक्टर ने मुआयना करके एक्स-रे करवाया तो पता चला कि मेरी दाईं कलाई में हल्का-सा फ्रैक्चर हो गया है। इसलिए डॉक्टर ने मेरी कलाई पर चार हफ्ते के लिए प्लास्टर लगा दिया है।' यह सब जानकर वैभव ने पूछा, 'पापा, अब तो चार हफ्ते तक दुकान बंद रहेगी न!'

'बंद क्यों रहेगी दुकान?' पापा हैरानी से बोले।

'क्योंकि, आप चार हफ्ते तक दुकान पर जा नहीं सकेंगे न।' वैभव बोला।

उसकी बात सुनकर पापा ने जानना चाहा, 'यह तुमसे किसने कहा कि मैं अगले चार हफ्ते तक दुकान पर नहीं जा पाऊंगा?'

'आपको चोट जो लगी है न पापा, आपको प्लास्टर भी लगा हुआ है।' वैभव ने जवाब दिया।

'ठीक है बेटा, चोट लगी है और प्लास्टर भी लगा है, लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि मैं चार हफ्ते के लिए दुकान बंद करके घर पर बैठ जाऊं।' पापा धीरज के साथ बोले।

'लेकिन पापा, फिर आप ठीक कैसे होंगे?' वैभव को पापा की बात समझ में नहीं आ रही थी।

'बेटा, डॉक्टर ने मुझे पूरे चार हफ्ते के लिए बिस्तर पर आराम करने के लिए थोड़ी न कहा है! बांह पर लगे प्लास्टर का ध्यान रखते हुए मैं सब काम करता रहूंगा। दुकान पर भी जाऊंगा। हां, अगर किसी से थोड़ी-बहुत मदद लेनी पड़ी तो जरूर लूंगा। बेटा, चाहे कैसी भी रुकावटें हों, कोई काम नहीं रुकना चाहिए। शो मस्ट गो ऑन!' पापा मुस्कराते हुए बोले।

थोड़ी देर बाद वैभव ने देखा कि पापा ने बाएं हाथ से अपने जूते उतारे और मुंह-हाथ धोकर कपड़े बदले। फिर टीवी का रिमोट उठाकर कुर्सी पर बैठ गए और बाएं हाथ से टीवी के चैनल बदलने लगे। मम्मी पानी का गिलास लेकर आईं तो उन्होंने बाएं हाथ से गिलास ले लिया। फिर थोड़ी देर बाद चाय के मग को भी बाएं हाथ से पकड़ा। रात का खाना भी उन्होंने उसी हाथ से खाया। पापा को अपना बायां हाथ इस्तेमाल करते हुए देख वैभव यही सोच रहा था कि दाईं कलाई पर चोट लगी होने के कारण पापा बाएं हाथ का प्रयोग कर रहे हैं।

अगली सुबह पापा को दुकान पर जाने के लिए तैयारी करते देख वैभव बिस्तर से उतरा और रसोई में काम कर रहीं मम्मी के पास जाकर बोला, 'मम्मी, मेरा स्कूल का टिफिन भी तैयार कर देना, मैं स्कूल जाऊंगा।'

'लेकिन तुम्हारे दांत का दर्द अब ठीक है क्या?' मम्मी को मालूम था कि ऐसी कोई छोटी-मोटी तकलीफ होने पर वैभव तीन-चार दिनों तक स्कूल नहीं जाता था।

'मम्मी, दर्द तो हल्का-सा है अभी, लेकिन मुझे पापा ने बहुत बड़ी सीख दे दी है। पापा बांह में फ्रैक्चर होने पर भी सभी काम कर रहे हैं, दुकान पर भी जा रहे हैं, तो फिर मैं इस हल्के-से दांत दर्द की वजह से क्यों घर बैठा रहूं? मुझे समझ आ गया है- शो मस्ट गो ऑन!'

बाहर वॉश बेसिन के सामने बाएं हाथ से दाढ़ी बनाते हुए पापा ने वैभव के मुंह से यह सब सुना तो मुस्कुरा पड़े। *


एआई इमेज

कविता
सिराज अहमद

## मैं पापा की जान

पापा मेरे सच्चे साथी
मैं पापा की जान।
कभी-कभी गुस्सा करते हैं
जब गलती हो जाए
लेकिन अगले पल हंसकर
मुझको गले लगाएं
चीजें मुझे दिलाएं सारी
ले जाकर दुकान।
उनके कंधों पर मैं बैठूं
जब भी मेले जाऊं
दुनिया देखूं, ऐसी खुशियां
और कहीं न पाऊं
पापा अकसर कहते मुझसे
मैं उनकी पहचान।
मेहनत और मशक्कत से वह
बिल्कुल न घबराते
कभी टेंशन में रहते भी
हमको नहीं बताते
प्यारे पापा आप हमारे
इस घर की हैं शान।

## रंग भरो-204

**रंग भरो-204** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्या, बिलासपुर


आयांश, दुर्ग


पलक, अटेली मंडी


नंदिनी, उमरिया


साक्षी, रायपुर


सिद्धि, राजनांदगांव

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

वर्णिका-खैरागढ़, दिशा-बिलासपुर, श्रेया-दुर्ग, सचिन-रोहतक, रोहित-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, डॉली-दुर्ग, दीपक-जांजगीर, सौम्या-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, कुणाल-करनाल, प्रिया-कोरबा

## रंग भरो 205



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में हर्ष और खुशी अपने पापा को फादर्स-डे के मौके पर गिफ्ट दे रहे हैं। इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### राज्य नेटबॉल चैंपियनशिप 20 और 21 को : दहिया

**खरखौदा।** हरियाणा नेटबॉल एसो की महासचिव बबीता दहिया ने बताया कि 5वीं फास्ट 5 सीनियर नेटबॉल चैंपियनशिप (पुरुषों और महिलाओं) 25 से 28 जून तक किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता पांडिचेरी स्थित वासवी इंटरनेशनल स्कूल मुथलपेट पांडिचेरी में खेली जाएगी। चैंपियनशिप में हरियाणा प्रदेश की पुरुषों और महिलाओं दोनों वर्गों की टीमें हिस्सा लेंगी और खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगी। इस प्रतियोगिता के लिए सत्र 2026-27 की फास्ट 5 सीनियर हरियाणा राज्य नेटबॉल चैंपियनशिप 20 से 21 जून तक किया जाएगा। प्रतियोगिता हरियाणा खेल विवि राई में खेली जाएगी।


### महारानी लक्ष्मीबाई को किया नमन

**गोहाना।** झांसी की महारानी लक्ष्मीबाई को गुरुवार को उनके 168वें बलिदान दिवस पर याद किया गया। उनकी स्मृति में शहर में जींद मार्ग स्थित जवाहरलाल नेहरू पार्क में उनका श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा महारानी लक्ष्मीबाई भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की महान वीरांगना थी। उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प और निष्ठापूर्ण साहस के साथ ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष किया। उनकी वीरता ने भारतीय समाज में महिलाओं को भी अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया।

## छबील सेवा में राजीव जैन को सिरोपा एवं स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

# गुरु अर्जन देव का बलिदान मानवता और धर्म की रक्षा का सर्वोच्च उदाहरण : मेयर

श्री गुरु अर्जन देव जी ने धर्म और सत्य की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया जो सदियों तक समाज को प्रेरित करता रहेगा



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचे मेयर राजीव जैन का स्वागत करते हुए।



सोनीपत। सोनीपत के गीता भवन चौक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के बाहर मीठे पानी की छबील लगाकर सेवा करते प्रबंधन समिति के सदस्य व सेवादार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सिख धर्म के पंचम गुरु, शहीदों के सरताज एवं शांति के पुंज गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस के अवसर पर दशमेश गतका अखाड़ा, सोनीपत द्वारा रेलवे स्टेशन के बाहर ठंडे मीठे जल की छबील का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने कार्यक्रम में पहुंचकर गुरु अर्जन देव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों को स्मरण किया।

मेयर राजीव जैन ने कहा कि श्री गुरु अर्जन देव जी का जीवन त्याग, तपस्या, सेवा और मानवता के लिए समर्पण का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने धर्म और सत्य की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जो सदियों तक समाज को प्रेरित करता रहेगा। गुरु साहिब का संदेश प्रेम, भाईचारे और मानव सेवा पर आधारित था, जो आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करता है। इस अवसर पर दशमेश गतका अखाड़ा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मेयर राजीव जैन का स्वागत करते हुए उन्हें सिरोपा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रमनप्रीत सिंह, जसकरण सिंह, जसमीत सिंह, हरविंदर पाल, सुरजीत सिंह, हरमीत सिंह, भूपेंद्र सिंह, अमित सिंह, कुलविंदर सिंह, दीपक सचदेवा आदि उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों ने दिया सेवा भावना का संदेश



सोनीपत। नागरिक अस्पताल परिसर में शहीदी दिवस पर छबील लगाकर मीठा पानी वितरित करते मोर्चरी विभाग के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**सोनीपत।** गुरु अर्जन देव महाराज के शहीदी दिवस पर दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल परिसर में वीरवार को मोर्चरी विभाग के कर्मचारियों ने मिलकर श्रद्धाभाव से मीठे पानी की छबील लगाकर सेवा की। कर्मचारियों ने अस्पताल में आने वाले मरीजों, उनके परिजनों व अन्य लोगों को ठंडा मीठा पानी पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। भीषण गर्मी के बीच कर्मचारियों के इस सेवा भावना के कार्य को लोगों ने खूब सराहा। साथ ही लोगों ने मीठे पानी का सेवन कर गर्मी में अपनी प्यास बुझाकर राहत महसूस की। मोर्चरी विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर सेवा व मानवता का संदेश देने के उद्देश्य से उन्होंने यह प्रयास किया।

### छबील लगा बुझाई राहगीरों की प्यास

**सोनीपत।** सिखों के पांचवें गुरु अर्जन देव महाराज के शहीदी दिवस पर वीरवार को शहर के सभी गुरुद्वारा साहिबों के बाहर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई गई। गीता भवन चौक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह स्त्री सत्संग सभा ने सुखमणि साहब के पाठ कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके उपरांत विजय सिंह वीर ने गुरबाणी कीर्तन का संगत को श्रवण कराया। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के महासचिव परमजीत सिंह ने संगत को गुरु अर्जन देव महाराज की शहीदी के इतिहास से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि गुरु महाराज को जहांगीर के शासनकाल में लाहौर में तपती तवी पर बैठाकर शहीद किया गया था। गुरु अर्जन देव की समाज को सबसे बड़ी देन श्री गुरु ग्रंथ साहब की संपादकता करना है। तत्पश्चात गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सदस्यों, सेवादारों ने गुरुद्वारा साहिब के बाहर मीठे पानी की छबील लगाकर यहां से गुरजने वाले लोगों की प्यास बुझाई। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब के प्रधान मोहन सिंह मनोचा, जरनैल सिंह, गुरजीत सिंह, परमजीत सिंह, शमशेर सिंह, अरविंद्र सिंह मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### गेटवे कॉलेज में एनसीसी का संयुक्त प्रशिक्षण शिविर जारी

**सोनीपत।** गेटवे कॉलेज, सोनीपत में 15 से 24 जून तक एनसीसी का 130वां संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी) आयोजित किया जा रहा है। शिविर का नेतृत्व कैंप कमांडेंट कर्नल विशाल दुबे कर रहे हैं। उनके साथ उप कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मोहित चौहान तथा कैंप एडजुटेंट चीफ ऑफिसर नर सिंह (एनसीसी) जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। शिविर में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 525 कैडेट भाग ले रहे हैं। शिविर में कैडेटों को सर्विस सब्जेक्ट की कक्षाएं, ड्रिल, हथियार संचालन, फायरिंग अभ्यास, शारीरिक प्रशिक्षण और खेलकूद गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा भाषण, फायरिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे कैडेटों की प्रतिभा और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिल रहा है।



### मधुमेह योग शिविर में 100 साधकों ने लिया हिस्सा

**सोनीपत।** कालूपुर स्थित सिटी पार्क में भारतीय स्वाभीमान व पतंजलि योग समिति व महिला पतंजलि के तत्वावधान में दस दिवसीय मधुमेह योग शिविर का आयोजन किया जा रहा था। शिविर का वीरवार को समापन किया गया। 100 लोगों ने शिविर में हिस्सा लेते हुए ऐसे योग सीखे जोकि मधुमेह रोगियों के लिये लाभदायक हैं। इस दौरान महिला पतंजलि की अध्यक्षा सीमा सरोहा ने बताया कि योग प्राणायाम के साथ खानपान और स्वस्थ जीवन शैली भी आवश्यक है। कलालभाति, मंडूकासन, वक्रासन, अर्ध मत्येंद्र आसन जरूरी हैं। सीमा ने बताया कि योग शिविर के दौरान 10 दिनों तक साधकों को खीरा, करेला, टमाटर का जूस का सेवन करवाया गया। कार्यक्रम में भारत स्वाभिमान प्रभारी श्रीभगवान व तहसील प्रभारी सूरजपाल का भी योगदान रहा। इस मौके पर अनिल, सुशीला, राधिका आदि मौजूद रहे।



### ओशो अनुज स्वामी शैलेन्द्र सरस्वती का जन्मदिवस मनाया

**सोनीपत।** कुमाशपुर-दीपालपुर रोड स्थित श्री रजनीश ध्यान मन्दिर में ओशो अनुज स्वामी शैलेन्द्र सरस्वती के 71वें जन्मोत्सव पर उत्सव सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान देश-विदेश से पहुंचे शिष्यों, संन्यासियों और श्रद्धालुओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने गुरु के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। ब्रह्म चैतन्य समाधि ध्यान साधना शिविर के तहत आयोजित कार्यक्रम में भजन, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। जन्मोत्सव के दिन स्वामी शैलेन्द्र सरस्वती और अमृत प्रिया ने आए हुए शिष्यों से मुलाकात कर उन्हें आशीर्वाद दिया। संगीत संध्या में पटियाला के सूफी गायक अनहद जोत ने भी भाग लिया और अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के दौरान आगरा के नेचुरल हीलिंग विशेषज्ञ डॉ. पीके सिंह की पुस्तक निरोगी जीवन की अनदेखी यात्रा का विमोचन भी किया गया।



### जातिवाद यूनियनों के लिए बड़ी चुनौती : सुनील दत्त

**सोनीपत।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर गोहाना रोड स्थित जिला कार्यालय में जिला कार्यकारिणी का शिक्षा शिविर दूसरे दिन भी संपन्न हुआ। अध्यक्षता जिला प्रधान देशराज नैन ने की। मुख्य वक्ता सीटू हरियाणा के राज्य सचिव सुनील दत्त और राज्य उपप्रधान वीरेंद्र मलिक रहे। वक्ताओं ने कहा कि सांप्रदायिकता और जातिवाद समाज व यूनियनों के विकास में बड़ी बाधा हैं। आरोप लगाया कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों से ध्यान हटाकर समाज में विभाजन पैदा किया जा रहा है। उन्होंने निजीकरण, नीति आयोग की नीतियों और चार लेबर कोड पर भी चिंता जताते हुए कहा कि इससे कर्मचारियों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। शिविर में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के वादों, नगर पालिका व फायर कर्मचारियों की मांगों और लंबित समझौतों पर चर्चा हुई। अनिल शर्मा, राजीव खत्री, आनंद हुड्डा, राजेश शेरावत, जसवीर सिंह मौजूद रहे।



### आचार्य का व्यक्तित्व बच्चों के लिए प्रभावी पाठ्य पुस्तक : अमृता

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर, गोहाना में गुरुवार को तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का शुभारंभ हो गया। कार्यशाला के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य आचार्यों के शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं तकनीकी कौशलों का विकास कर उन्हें अधिक प्रभावी शिक्षण के लिए तैयार करना है। शुभारंभ सत्र में विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज शास्त्री, सदस्य योगेश व प्राचार्य अश्वनी ने साध्वी डॉ. अमृता दीदी को श्रीफल, स्मृति चिह्न व उत्तरीय आदि देकर सम्मान प्रकट किया। मुख्य वक्ता साध्वी डॉ. अमृता दीदी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि आचार्य को अपने विषय का गहन ज्ञान और उसमें पूर्ण पारंगतता प्राप्त होनी चाहिए। केवल ज्ञान देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस ज्ञान को विद्यार्थियों के आचरण में उतारने की क्षमता भी आचार्य में होनी चाहिए।

### सीए फाइनल परीक्षा में सोनीपत के सत्रह बच्चों ने हासिल की सफलता



सोनीपत। सीए पास करने वाले विद्यार्थी साथ में शाखा के पदाधिकारी।

**सोनीपत।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा घोषित सीए फाइनल परीक्षा परिणाम में सोनीपत के 17 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का गौरव हासिल किया है। इस उपलब्धि पर आईसीएआई सोनीपत शाखा ने शाखा परिसर में समारोह आयोजित कर सभी सफल विद्यार्थियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन सीए राजेश रानी मलिक ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने ज्ञान और व्यावसायिक दक्षता से समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देंगे। वाइस-चेयरपर्सन सीए मोहन बंसल ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते प्रोफेशन के उच्च मानकों का पालन करने का आह्वान किया। सफल विद्यार्थियों में मनीषा, रोहित सैनी, हर्षित कुमार, वीरांगना जौहर, ऋषभ जैन (सोनीपत सिटी प्रथम), संयम नागपाल (द्वितीय), श्रेया (तृतीय), मनीषा फौगाट, आयुषी जैन, विनीत जैन, तनिषा जाग्या, केशव पाल, वर्षा गोयल, संजू लाकड़ा अंतिल, काव्या बजाज और तुषार मुटरेजा शामिल रहे।



गन्नौर। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी का पूर्व चेयरमैन महेंद्र सिंह छिक्कारा स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 'दो व्यक्तियों का नहीं, दो परिवारों का बंधन है विवाह'

**गन्नौर।** पूर्व चेयरमैन महेंद्र सिंह छिक्कारा के बेटे के विवाह समारोह में सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने शिरकत की। समारोह में पहुंचने पर सांसद सतपाल ब्रह्मचारी का महेंद्र सिंह छिक्कारा ने स्वागत किया। सांसद ने कहा कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों के मिलन का पावन बंधन है। उन्होंने नवदंपति के जीवन में खुशहाली, प्रेम और सफलता की कामना करते हुए कहा कि परिवार और समाज के संस्कार ही जीवन को नई दिशा प्रदान करते हैं। सांसद ने लोगो से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। विवाह समारोह में इसके अलावा विभिन्न नेता पहुंचे। इस अवसर पर भगवत दयाल कौशिक, सुरेंद्र त्यागी आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

## प्रदर्शनी में दिखी मोदी सरकार की उपलब्धियों की झलक

- विकास प्रदर्शनी के समापन दिवस पर एसडीएम अंकित ने किया निरीक्षण



गोहाना। प्रदर्शनी में योजनाओं की जानकारी लेते हुए एसडीएम अंकित कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

सेक्टर-7 स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित प्रदर्शनी में मोदी सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों की झलक दिखाई दी। गुरुवार को प्रदर्शनी के समापन सत्र का एसडीएम अंकित कुमार ने निरीक्षण किया। इसके बाद भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया।

प्रदर्शनी के निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों ने एसडीएम अंकित कुमार को केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों के दौरान किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। भाजपा जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

## गन्नौर: जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार अभियान शिविर का समापन

- विभागों ने स्टाल लगाकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी



गन्नौर। प्रचार अभियान शिविर में फैमिली आईडी का काम करते हुए विकास कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बीडीपीओ कार्यालय स्थित सभागार में 15 से 18 जून तक आयोजित व्यापक प्रचार अभियान शिविर का बुधवार को समापन हो गया। शिविर का आयोजन हरियाणा सरकार के निर्देशों के तहत एसडीएम प्रवेश कादियान के मार्गदर्शन में किया गया। चार दिवसीय अभियान के दौरान विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई। नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा अन्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। नगर पालिका, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, रोजगार विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभों की जानकारी दी।

### मानव के जीवन में प्राणायाम का अत्यधिक महत्व: सोमवीर आर्य



खरखौदा। योगाभ्यास करते द स्टैनफोर्ड स्कूल के विद्यार्थी।

**खरखौदा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जग उत्थान खेल शिक्षा समिति द्वारा आयोजित साप्ताहिक योग प्रशिक्षण शिविरों की श्रृंखला के अंतर्गत थाना खुर्द स्थित द स्टैंडफोर्ड स्कूल में योग प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। समिति द्वारा 15 जून से विभिन्न स्थानों पर योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ प्रताप स्कूल, खरखौदा से किया गया था। इसी कड़ी में आज द स्टैंडफोर्ड स्कूल, थाना खुर्द में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन उत्सव दहिया ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि योग हमें स्वस्थ, निरोग और संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति एवं आत्मिक बल भी प्रदान करता है। योग प्रशिक्षक सोमवीर आर्य ने प्राणायाम के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते बताया कि मनुष्य के जीवन में प्राणायाम का अत्यधिक महत्व है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपनी श्वासों पर नियंत्रण करना सीख लेता है, वह योग के वास्तविक स्वरूप को समझने लगता है।

### सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए



अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए एसडीएम अमित कुमार

**खरखौदा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में खरखौदा उपमंडल में जनकल्याण, विकास एवं सुशासन पर आधारित विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम, प्रदर्शनी एवं समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी (ना.) अमित कुमार ने की। इस अवसर पर एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के दौरान देश ने विकास, पारदर्शी प्रशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना रही है। कार्यक्रम के साथ आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम अमित कुमार के मार्गदर्शन में आमजन की समस्याएं सुनी गईं। शिविर में कुल चार शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें बिजली बिल अधिक आने, अभद्र व्यवहार तथा खरखौदा जी टाउन बाईपास से रोहतक रोड होते हुए सांपला बाईपास तक नाला निर्माण करवाने से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके। इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त जोगेंद्र शर्मा, नायब तहसीलदार अचिन, एसएमओ डॉ. जितेंद्र, एसडीओ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सुदेश कुमारी, एसडीओ सिंचाई एवं जल सेवाएं संजीव मलिक, जेई पीडब्ल्यूडी जितेंद्र मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने किया भुजंगासन का अभ्यास

- जेएलएन विद्यालय में पांच दिवसीय योग शिविर का दूसरा दिन



गोहाना। शिविर में योग करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

जवाहरलाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने भुजंगासन का अभ्यास किया और इसके लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा और बॉक्सिंग कोच योगेश दत्त ने विद्यार्थियों को विभिन्न योग क्रियाओं एवं आसनों का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सूक्ष्म व्यायाम एवं वार्म-अप क्रियाओं से किया गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों को क्रमबद्ध रूप से विभिन्न योगासन कराए गए तथा उनके शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी गई। विशेष रूप से भुजंगासन का अभ्यास करवाते इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि योग ही जीवन है। हमारी प्राचीन संस्कृति और सभ्यता में ऋषि-मुनि योग के माध्यम से शरीर, मन और आत्मा को संतुलित रखते थे। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन जीने की कला है।

### रेलवे ट्रैक की सफाई के दौरान एकत्रित हुआ पत्थरों का ढेर

# सफाई के दौरान निकाला मलबा रास्ते में डाला, लोग परेशान

किसानों और वाहन चालकों के लिए भी महत्वपूर्ण मार्ग



गन्नौर। रेलवे ट्रैक की सफाई के दौरान निकाला गया मलबा और कंकड़-पत्थर अंडरपास के रास्ते में डाले हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

गांव राजलू गढ़ी में दिल्ली-अंबाला रेलवे अंडरपास में रेलवे ठेकेदार द्वारा सफाई कार्य के बाद मलबा रास्ते में डाल दिए जाने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंडरपास से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे ट्रैक की सफाई के दौरान निकाला गया मलबा और कंकड़-पत्थर अंडरपास के रास्ते में ही डाल दिए गए हैं। इसके कारण सड़क ऊबड़-खाबड़ हो गई है और दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। वहीं अंडरपास के अंदर जमा गंदगी और पानी के कारण लोगों को आने-जाने में और अधिक परेशानी हो रही है। अंडरपास गांव के लोगों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के किसानों और वाहन चालकों के लिए भी महत्वपूर्ण मार्ग है। इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा मलबा हटाने की बजाय रास्ते में छोड़ दिया गया, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि अंडरपास में पड़े मलबे को जल्द हटाया जाए तथा पूरे मार्ग की सफाई कराकर आवागमन को सुचारू बनाया जाए।

**सूचना**

मैं, रामकला पुत्र श्री दयाचन्द निवासी ग्राम शेखपुरा, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मनीष व पुत्रवधु स्वीटी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# मेट्रों की तर्ज पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक की हाइट बढ़ाने का काम शुरू

## ऑटोमेटिक लाइट सिस्टम, सुविधाजनक बुकिंग कार्यालय, बड़ा प्रतीक्षालय हॉल, आधुनिक शेड जैसी सुविधाएं बढ़ाएंगी शोभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत स्टेशन पर यात्रियों को ट्रेनों में सवार होने व उतरने के लिए परेशानी न हो, इसको लेकर प्लेटफार्म नंबर एक की मेट्रो स्टेशन की भांति स्टैंडर्ड हाइट बढ़ाने का काम शुरू कर दिया गया है। उक्त प्लेटफार्म को 2-3 व 4-5 के समान ऊंचा किया जाएगा। साथ ही प्लेटफार्म पर यात्रियों को धूप व बारिश से बचाने के लिए नए शैड लगाने का निर्माण कार्य तेजी पकड़ने लगा है। विभिन्न प्लेटफार्म पर जमीन की खोदाई कर पिलर खड़े किए जा रहे हैं। रेलवे ने इस साल के अंदर सोनीपत स्टेशन पर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाने का लक्ष्य रखा है। हालांकि प्रथम चरण के कार्यों को मार्च माह तक पूरा किया जाना था, लेकिन अधूरे कार्यों के चलते रेलवे ने निर्माण कार्यों की अवधि को बढ़ाया है।

सिटी पल्स

### 29 करोड़ रुपये से नवीनीकरण जारी

अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत सोनीपत स्टेशन पर प्रथम चरण में 29 करोड़ रुपये से नवीनीकरण के कार्य जारी हैं। रेलवे स्टेशन पर आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए यह साल आधुनिक सुविधाओं की सौगात मिलने वाला माना जा रहा है। योजना के तहत स्टेशन पर यात्रियों व कर्मचारियों के लिए भवन पुनर्निर्माण के साथ एक और फुट ओवरब्रिज, एक्सीलेटर, लिफ्ट जैसी सुविधाओं पर कार्य तेजी से चल रहा है।



सोनीपत। प्लेटफार्म नंबर एक पर स्टैंडर्ड हाइट बढ़ाने के लिए लगाई गई टाइल्स।

### *मंगोलपुरी की सफेद जालीदार शीट से सज रहा मुख्य प्रवेश द्वार*

*सुंदरीकरण को बढ़ावा देने के लिए नए भवन के निर्माण के बाद मुख्य प्रवेश द्वार पर पुराने भवन की दीवारों पर भी दिल्ली के मंगोलपुरी की सफेद जालीदार शीट से सजाया जा रहा है। मुख्य प्रवेश द्वार पर बनाए जा रहे पांडवों के नाम से पांच गुबंद यात्रियों को महाभारतकालीन याद दिलाएंगे। इनके अलावा सभी प्लेटफार्म पर लिफ्ट, पांच एक्सीलेटर, जल बूथ, आधुनिक शौचालय स्टेशन की शोभा बढ़ाएंगे।*

### *90 प्रतिशत कार्य पूरे हो चुके है पूरे*

*अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत सोनीपत स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए 90 प्रतिशत कार्य पूरे हो चुके हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए ही प्लेटफार्म नंबर 1 को ऊंचाई बढ़वाया जा रहा है, ताकि उन्हें ट्रेनों में उतरने-चढ़ने में आसानी हो सके। साथ शेष बचे कार्यों को जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए गए है, ताकि यात्रियों को जल्द आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिल सके।*

*-**पुष्पेश रमण त्रिपाठी**, रेल प्रबंधक (डीआरएम), दिल्ली मंडल*

### जानें क्या बोले शहरवासी

#### सोनीपत स्टेशन मिसाल कायम करेगा



सोनीपत स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए किए जा रहे प्रयास शहर को नई पहचान दिलाएंगे। सोनीपत स्टेशन आने वाले समय में अपनी मिसाल कायम करेगा। साथ ही यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिल सकेंगी। सरकार से मांग है कि कार्यों को जल्द पूरा करवाएं। *-**प्रतीक तुषीर**, शहरवासी*

#### सुविधाओं का विस्तार सराहनीय कदम



सोनीपत स्टेशन पर यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं का विस्तार सराहनीय कदम है। शहरवासी कई वर्ष से स्टेशन परिसर में बुजुर्गों, दिव्यांग व महिला यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्ट लगवाने की मांग करते आ रहे थे। यह मांग पूरी होने पर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाले बुजुर्गों, दिव्यांग लोगों को सीढ़ियां चढ़ने के झंझट से छुटकारा मिलेगा। *-**मेधावी रंजन शर्मा**,*

## खबर संक्षेप



### भूपेंद्र हुड्डा ने नए खंड अध्यक्षों को दी शुभकामनाएं

**गोहाना।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस कथूरा खंड के नवनियुक्त अध्यक्ष गांव छपरा निवासी राकेश कुमार व मुंडलाना खंड के अध्यक्ष गांव जागसी निवासी रघुबीर सहरावत को शुभकामनाएं दी। भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कार्यकर्ता ही कांग्रेस की रीढ़ हैं। पार्टी के संगठन में कार्यकर्ता का सम्मान ही सर्वोपरि है। पार्टी कार्यकर्ता कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। नवनियुक्त खंड अध्यक्ष राकेश कुमार व रघुबीर सहरावत ने अपनी नियुक्ति को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा और बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल का आभार व्यक्त किया।

### हत्या के मामले में नाबालिग बाल सुधार गृह भेजा

**सोनीपत।** गांव बढ़मलिक स्थित सहारा कॉलोनी के पास एक परचून दुकानदार की पीटकर हत्या करने के मामले में राई थाना पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक नाबालिग को अपनी अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर उसे जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया, जहां से किशोर को बाल सुधार गृह, अंबाला भेज दिया गया। पुलिस इस वारदात में शामिल उसके पिता की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

## नागरिक अस्पताल में अव्यवस्था उजागर, परिवार बिना इलाज लौटा वापस

# घंटों दर्द से तड़पती रही गर्भवती महिला पर्ची के लिए दर-दर भटकता रहा पति

### एक ओपीडी पूरा दिन वहीं दूसरी 12 बजे ही कर दी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर लगा अव्यवस्थाओं व खामियों का ग्रहण धुलने का नाम नहीं ले रहा है। कभी ओपीडी, दवाओं, अव्यवस्थाओं का माहौल आए दिन शहर की स्वास्थ्य सुविधाओं को कटघरे में खड़ा कर रहा है। हालांकि प्रशासन व प्रबंधन जिले की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के गुण गाते नहीं थक रहे हैं। शायद अव्यवस्था का कारण ही रहा कि वीरवार को इलाज करवाने पति के साथ अस्पताल पहुंची एक सात माह की गर्भवती को घंटों तक इलाज नहीं मिला। इसके बाद वह परिवार सहित वापस लौट गई। बता दें कि सुबह 11 बजे एक सात माह की गर्भवती महिला ज्योति देवी पेट में दर्द की शिकायत लेकर पति जयराम कुमार निवासी खेवड़ा रोड बच्चों के साथ नागरिक अस्पताल पहुंची। पति जयराम ने दर्द से तड़पती महिला को ओपीडी के बाहर बेंच पर बैठा दिया, जबकि खुद ओपीडी की पर्ची लेने के लिए इधर-उधर भटकता रहा। वीरवार को अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ कक्ष नंबर 22 की ओपीडी 200 पर्ची कटने के बाद 12 बजे ही बंद कर दी गई, जबकि 23 नंबर कक्ष की ओपीडी पूरा दिन बंद रही। गर्भवती महिला को समय पर उपचार नहीं मिलने से उसे व साथ आए परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ओपीडी बंद होने के कारण महिला पति के साथ करीब 3 घंटे तक अस्पताल परिसर में इधर-उधर भटकती रही। इसके बाद बिना इलाज पाए वापस लौट गए।



सोनीपत। नागरिक अस्पताल में बिना इलाज मिले दर्द से तड़पती गर्भवती।

**»** *निजी अस्पताल जाने को मजबूर हुआ परिवार*

**»** *भीड़ और सीमित डॉक्टरों के कारण अव्यवस्था*

### इलाज पाने लेबर वार्ड पहुंचे, वहां भी मिले धक्के



जयराम कुमार का आरोप है कि अस्पताल में 11 बजे पहुंचने के बाद भीड़ के चलते उनकी पर्ची नहीं काटी गई। दोपहर करीब 12 बजे ही गायनी रोग से संबंधित ओपीडी की पर्चियां बंद कर दी गई थीं। जब वह उपचार के लिए पहुंचे, तो उन्हें पर्ची न बनने की बात कहकर वापस भेज दिया गया। पति का आरोप है कि दर्द से कराह रही उसकी गर्भवती महिला को अस्पताल परिसर में बेंच पर लिटाना पड़ा। वह करीब 3 घंटे तक अस्पताल में इधर-उधर भटकता रहा और उपचार के लिए गुहार लगाता रहा। इसी दौरान बाल रोग विशेषज्ञ ने गर्भवती महिला को लेबर वार्ड में उपचार के लिए भिजवाया गया। जब वह लेबर वार्ड पहुंचा, तो वहां से भी उसे पहले पर्ची बनवाने की बात कहकर बाहर भेज दिया गया, लेकिन पर्ची काउंटर बंद होने के कारण उसे कोई राहत नहीं मिली। पति ने अस्पताल की व्यवस्था से परेशान होकर अपनी पत्नी को निजी अस्पताल में ले जाने की बात कही।

### जरूरत के हिसाब से कम हैं गायनी रोग विशेषज्ञ

अधिकारियों की मानें तो नागरिक अस्पताल में गायनी रोग से संबंधित कुल छह विशेषज्ञों की आवश्यकता है। यहां ओपीडी में केवल 3 महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सक ही होने के चलते मरीजों की संख्या अधिक है। वहीं दूसरी ओपीडी चिकित्सक के कई बार ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में व्यस्त होने के चलते मरीजों की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में अस्पताल इलाज की दरकार लेकर आने वाली गर्भवती महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मरीजों व साथ आए परिजनों का कहना है कि आपात स्थिति में आने वाले मरीजों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि किसी को आपातकालीन स्थिति में इलाज के लिए घंटों इंतजार न करना पड़े।

### मरीज को बिना जांच करवाने वापस नहीं भेजा जाएगा

अस्पताल में महिलाओं की सुविधा के लिए एक ओपीडी बंद होने संबंधी जानकारी नहीं है। दूसरी ओपीडी 12 बजे ही बंद करने संबंधी जानकारी ली जाएगी। फिलहाल नागरिक अस्पताल में कुल 6 महिला विशेषज्ञ चिकित्सकों की आवश्यकता है, लेकिन 3 चिकित्सक ही होने से कभी कभार सेवाएं प्रभावित हो जाती है। चिकित्सकों को सख्त हिदायत दी गई है कि अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले किसी भी मरीज को बिना जांच करवाने वापस नहीं भेजा जाएगा। अगर ओपीडी बंद हो जाती है, तो इसके बाद लेबर रूम में महिलाओं की जांच का प्रावधान रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग मरीजों को बेहतर सुविधा मुहैया करवाने के लिए प्रयासरत है।

*-डॉ. अनुराधा जैन, जिला सिविल सर्जन, सोनीपत*

## न्यूज डायरी

### लाभार्थियों तक पहुंचे योजनाओं का लाभ : सांसद





**सोनीपत।** सांसद सतपाल ब्रह्मचारी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्र सरकार की विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए 66 एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में जनहित सर्वोपरि होना चाहिए। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मनरेगा, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना और स्वच्छ भारत मिशन सहित कई योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त नेहा सिंह, विधायक इंदूराज नरवाल, मेयर राजीव जैन, अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा, एसडीएम सुभाष चंद्र, एसडीएम प्रवेश कादियान, एसडीएम अंकित कुमार, एसडीएम अमित कुमार, जिला परिषद सीईओ डॉ. अनमोल, सीटीएम सिमरन, डीडीपीओ मनीष मलिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नीट यूजी 2026 पुनः परीक्षा को लेकर धारा 163 के तहत आदेश जारी

**सोनीपत।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी-2026 की 21 जून को आयोजित होने वाली पुनः परीक्षा के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश नेहा सिंह ने बताया कि 21 जून को दोपहर 2 बजे से 5:15 बजे तक जिले में बनाए गए 8 परीक्षा केंद्रों पर नीट यूजी-2026 की पुनः परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिलाधीश नेहा सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के हथियार जैसे आग्नेयास्त्र, तलवार, गंडासी, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू आदि लेकर आने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा मोबाइल फोन लेकर पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्रित होने पर पाबंदी रहेगी। परीक्षा के दिन केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में 21 जून को परीक्षा अवधि के दौरान फोटोकॉपी मशीनों एवं फोटोस्टेट की दुकानों के संचालन पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी। कुछ अभ्यर्थियों का एक तरफ कॅरियर, दूसरी ओर वर्तमान डिग्री दांव पर राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के केंद्रों के आवंटन को लेकर कुछ अभ्यर्थियों में असमंजस की स्थिति बनी है। नीट परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों के सामने मानसिक व आर्थिक संकट उनकी परीक्षा लेने को तैयार है। इसका कारण अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र अन्य जिलों में नहीं, बल्कि सैकड़ों किलोमीटर दूर दूसरे राज्यों में देना माना जा रहा है।

### खरखौदा सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल, सुधार की मांग



**खरखौदा।** शहर की नई सब्जी मंडी में कूड़ा निस्तारण और सफाई व्यवस्था को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। मंडी में जगह-जगह कूड़ा जमा होने तथा उसके उचित निस्तारण न होने से आढ़तियों और व्यापारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। इस मुद्दे को लेकर सबसे पहले सोशल मीडिया के माध्यम से प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद मंडी में फैली गंदगी और कूड़े के ढेरों से संबंधित वीडियो मार्केटिंग कमेटी के सचिव सुरेश खोखर को व्हाट्सएप पर भेजे गए। शिकायत मिलने के बाद सचिव ने सफाई ठेकेदार को बुलाकर स्थिति की जानकारी ली। सफाई ठेकेदार ने अधिकारियों को बताया कि उसके कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से सफाई की जा रही है, लेकिन कुछ रेहड़ी संचालक रात के समय कूड़ा एकत्रित कर उसमें आग लगा देते हैं, जिससे समस्या उत्पन्न होती है। आढ़तियों ने मांग की कि नियमित और प्रभावी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा मंडी परिसर में पौधारोपण कर इसे स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए। मार्केट कमेटी खरखौदा के अध्यक्ष आनंद दहिया ने स्वीकार किया कि सफाई व्यवस्था में कुछ कमियां हैं। उन्होंने कहा कि मंडी की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### गन्ना फसल का पंजीकरण अनिवार्य : संदीप

**गोहाना।** सहायक गन्ना विकास अधिकारी गोहाना संदीप कुमार ने कहा कि गन्ना किसानों को अपनी गन्ना फसल का पंजीकरण मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से करवाना होगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने स्पष्ट किया है कि गन्ना फसल का पंजीकरण करवाने वाले किसानों को ही विभाग की विभिन्न योजनाओं, सुविधाओं व अन्य लाभों का पात्र माना जाएगा। संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल सुचारू रूप से कार्य कर रहा है तथा किसान अपनी फसल का पंजीकरण ऑनलाइन करवा सकते हैं। जिन किसानों ने अभी तक अपनी गन्ना फसल का पंजीकरण नहीं करवाया है वे जल्द से जल्द यह प्रक्रिया पूरी करें ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि फसल पंजीकरण का उद्देश्य किसानों का त्रुटिरहित रिकॉर्ड तैयार करना है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा सके। इसके अलावा गन्ना विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले गन्ना बांड के लिए भी फसल पंजीकरण अनिवार्य किया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# म्हारी सड़क ऐप की शिकायतों का समय पर समाधान करें सुनिश्चित : डीएस ढेसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

▪ **महानगर विकास प्राधिकरण की बैठक में प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने दिए निर्देश**

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने गुरुवार को लघु सचिवालय में सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) की मासिक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान उन्होंने म्हारी सड़क ऐप पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर), एचएसवीपी, नगर निगम सोनीपत तथा एसएमडीए के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गंभीरता के साथ कार्य करते हुए ऐप पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कुल 19 एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा प्रगतिशील कार्य, नए कार्य के लिए रूपरेखा और विभागीय समन्वय जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा की गई। इस दौरान



इम्पोर्टेड बिटुमिन के उपयोग, सीएक्यूएम, डीएमआरसी, पाइप्ड नेचुरल गैस, खरखौदा क्षेत्र में ईडीसी कार्यों की समीक्षा, आरआरटीएस परियोजना, गति शक्ति टूल, इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर सोनीपत, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में मुख्य सलाहकार डीएस ढेसी ने सभी विभागों के अधिकारियों को प्रगतिशील कार्यों में तेजी लाने, लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ एसएमडीए ए.मोना श्रीनिवास, डिप्टी सीईओ वीना हुड्डा, डीएफओ रेनू बाला, एडीसी अजय चोपड़ा, एसडीएम सुभाष चंद्र, प्रवेश काध्यान आदि मौजूद रहे।

### समाधान शिविर में प्राप्त हुई 15 शिकायतें

**सोनीपत।** गोहाना शुगर मिल एमडी अंकिता वर्मा की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 15 शिकायतें प्राप्त हुई। एमडी शुगर मिल ने सभी शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से आरटीई स्कीम के तहत स्कूल अलॉट होने के बाद भी स्कूल में दाखिला न करने, गांव मोहम्मदाबाद में सरपंच द्वारा गांव के पीडब्ल्यूडी रोड पर स्पीड ब्रेकर बनवाने बारे, गांव नाहरा में गली की नाली को अधूरा छोड़ देने बारे, गैल गैन्यायालय द्वारा स्टे आदेश होने के बावजूद भी भूमि पर अवैध कब्जा करने की कोशिश से संबंधित आदि शिकायतें प्राप्त हुई।

## इस वर्ष दुर्लभ मेल से बढ़ रहा महत्व, 24 एकादशियों के समान पुण्य की होगी प्राप्ति

*ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली इस एकादशी पर बिना जल ग्रहण किए उपवास रखने का प्रावधान*

# शिव, रवि एवं सिद्धि योग में 25 जून को मनाई जाएगी निर्जला एकादशी, भद्रा का रहेगा प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिंदू धर्म में एकादशी को अत्यंत पुण्यदायी तिथि माना जाता है। एक साल में कुल 24 एकादशी आती हैं, लेकिन इनमें निर्जला एकादशी का स्थान सबसे विशेष माना गया है। ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली इस एकादशी पर बिना जल ग्रहण किए उपवास रखने का प्रावधान है। इसी के चलते इसे निर्जला एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि जो लोग पूरे साल एकादशियों का व्रत नहीं कर पाते हैं, अगर वह श्रद्धा भाव के साथ निर्जला एकादशी का व्रत रखें, तो उन्हें सभी 24 एकादशियों के समान पुण्य की प्राप्ति होती है। आचार्य डॉ. मनमोहन मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 24 जून को रात 8:09 बजे प्रारंभ होकर 25 जून को रात 9:14 बजे तक रहेगी।

### इस बार कई शुभ योग बन रहे



डॉ. मनमोहन मिश्रा।

उदयातिथि के आधार पर निर्जला एकादशी का व्रत 25 जून को रखा जाएगा। डॉ. मनमोहन ने बताया कि इस बार निर्जला एकादशी कई विशेष शुभ योगों के साथ मनाई जाएगी। निर्जला एकादशी के दिन जहां कई शुभ योग बन रहे हैं, वहीं भद्रा का प्रभाव भी रहेगा। 25 जून को शिव योग, रवि योग व सिद्धि योग का निर्माण होगा। रवि योग सुबह 5:25 बजे से शाम 4:29 बजे तक, शिव योग सुबह 10:22 बजे से, सिद्धि योग सुबह 10:53 बजे से पूरा दिन रहेगा। साथ ही चौथा एवं महत्वपूर्ण संयोग यह है कि निर्जला एकादशी वीरवार के दिन पड़ रही है। यह दिन भगवान विष्णु को समर्पित माना जाता है। एकादशी व्रत भी विष्णु आराधना के लिए विशेष माना गया है।

### निर्जला एकादशी पर शुभ मुहूर्त

**ब्रह्म मुहूर्त** : सुबह 4:05 से सुबह 4:45 बजे तक
**अभिजीत मुहूर्त** : सुबह 11:56 से दोपहर 12:52 बजे तक
**रवि योग** : सुबह 5:25 से शाम 4:29 बजे तक

### भद्रा के प्रभाव से श्रीहरि की आराधना में नहीं होगी बाधा

पंचांग के अनुसार भद्रा सुबह 7:09 बजे तक रहेगी। इस दिन भद्रा पाताल लोक में रहेगी, इसलिए व्रत, पूजन व भगवान विष्णु की आराधना में किसी प्रकार की बाधा नहीं मानी जाएगी। वहीं निर्जला एकादशी का व्रत रखने वाले श्रद्धालु द्वादशी तिथि पर पारण करेंगे। निर्जला एकादशी के व्रत का पारण 26 जून को किया जाएगा। पारण का शुभ समय सुबह 5:25 से 8:13 बजे तक रहेगा। इस अवधि में विधिपूर्वक व्रत खोलना शुभ रहेगा।